<u>समाचार</u>

<u>रक्तदान महादान तथा मानवता की सच्ची सेवा है–विधायक</u>

<u>(रक्तदान शिविर का उद्‌घाटन किया विधायक, महापौर ने)</u>

कोरबा 05 मई 2015 –नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज कहा कि रक्तदान महादान एवं पुन्य का कार्य है तथा रक्तदान करना मानवता की सच्ची सेवा है। उन्होने कहा कि रक्तदान से हजारों व्यक्तियों की जान बचाई जा सकती है तथा सभी को एक निश्चित समयावधि में रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

उक्ताशय के विचार विधायक श्री अग्रवाल ने आज इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय कोरबा में आयोजित रक्तदान शिविर के दौरान व्यक्त किये। मानव एकता दिवस के अवसर पर संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा सतगुरू बाबा साहब हरदेव सिंह महराज के आव्हान पर आज इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय कोरबा में विशाल रक्तदान शिविर का फीता काटकर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने विधिवत उद्‌घाटन किया। इस मौके पर दिये गये अपने उदबोधन में विधायक श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि रक्तदान शिविरों का आयोजन सच्ची समाज सेवा का कार्य है तथा इस कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान करने वाले महानुभाव निश्चित रूप से साधुवाद के पात्र हैं। उन्होने कहा कि रक्तदान से हजारों लाखों जरूरतमंद व्यक्तियों की जान बचाई जा सकती है, हर व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इस मौके पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने शिविर के आयोजकों को अपनी शुभकामनाएं दी तथा समाज सेवा के इस महान कार्य के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

<u>किया चिकित्सालय का निरीक्षण</u>–इस अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय का सघन रूप से भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अस्पताल में स्थित समस्त वार्डो में पहुंच कर उन्होने वार्डो की साफ–सफाई व्यवस्था, चिकित्सकों की उपस्थिति तथा अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए मरीजों का हालचाल जाना। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने अस्पताल प्रबंधन को साफ–सफाई की बेहतर व्यवस्था बनाने के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

कार्यक्रम में मेयर इन काउंसिल सदस्य दिनेश सोनी, पूर्व सभापति संतोष राठौर, कांग्रेस नेत्री मंगल बुधिया, कार्यक्रम के संयोजक हरस्वरूप अग्रवाल, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नागरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष मोहनलाल अग्रवाल के साथ—साथ आयोजन समिति के सदस्यगण एवं काफी संख्या में आमनागरिकगण उपस्थित थे।